राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु का राज्यपाल ने किया भावभीना स्वागत

जयपुर, 13 जुलाई। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के जयपुर पहुंचने पर गुरुवार को यहां सांगानेर हवाई अड्डे स्थित स्टेट हैंगर पर राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने उनकी भावभीनी अगवानी की। उन्होंने पुष्प भेंट कर राष्ट्रपति का स्वागत किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी, उद्योग मंत्री श्रीमती शकुंतला रावत, मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा, पुलिस महानिदेशक श्री उमेश मिश्रा सहित जनप्रतिनिधिगण एवं वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

बाद में राजभवन पहुँचने पर भी राज्यपाल श्री मिश्र ने उनका विशेष रूप से स्वागत किया।

-----